**खबर संक्षेप**

## सांसद ने 4 मरीजों को दिलाई 2 लाख 30 हजार की आर्थिक सहायता

**छिंदवाड़ा।** लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान दिल्ली प्रवास पर रहते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने 4 मरीजों को 2 लाख 30 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चारों मरीजों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से तत्काल ही आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। सांसद श्री साहू की पहल पर मरीजों का अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा।

हर माह मरीजों को मिल रही लाखों रूपयों की सहायता राशि

सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य प्रमुख रूप से शामिल है। इसी को लेकर छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के जरूरतमंद मरीजों को प्रतिमाह लाखों रूपयों की सहायता इलाज के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त सहायता राशि मिलने से जरूरतमंद मरीजों का महानगरों सहित छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर इलाज किया जा रहा है।

**लगातार जरूरतमंदों की सेवा में लगे हुए है सांसद :** विदित हो कि लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान व्यस्तता के बाद भी और हमेशा ही जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित सांसद बंटी विवेक साहू लगातार सेवा कार्य में लगे हुए है। दिल्ली प्रवास के दौरान सांसद श्री साहू को जानकारी लगी थी कि चारों मरीजों का इलाज पैसे के अभाव में नहीं हो पा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीजों के इलाज के लिए सहायता राशि दिलाने का निवेदन किया था।

### बिछुआ थाना क्षेत्र का मामला, आरोपियों के पास से जब्त किया मशरूका

# सूने घर से चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




बिछुआ थाना पुलिस ने सूने घर से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस ग्राम जमुनिया कलां में गांव से थोड़ी दूर अकेले मकान पर अज्ञात चोरों के द्वारा सूने घर पर ताला लगा पाये जाने से दिन करीब 02.00 बजे से 06.00 बजे के बीच दरवाजा का ताला तोड़कर घर में घुसकर आलमारी से 02 नग सोने के नाक के मुखड़ा, 02 नग सोने की छोटी अँगूठी, 02 जोड़ी चांदी की पैर पट्टी एवं नगदी 25 हजार रुपये चोरी कर ले जाना, (कीमती करीबन 50 हजार रुपये की 25 हजार रुपये नगदी)। इसी प्रकार दिनांक 06/08/2025 को ग्राम जामुनटोला में रोड के किनारे बना मकान पर अज्ञात चोरों के द्वारा सूने घर पर ताला लगा पाये जाने से दिन 03.30 बजे से 04.00 बजे के मध्य दरवाजा का ताला तोड़कर घर में घुसकर आलमारी से (1) एक सोने का मंगलसूत्र काली गुरिया वाला जिसमे सोने की कुल 06 मनी लगी है कीमती 16,000/- रूपये (2) एक चांदी का कमरपट्टा (करधन) कीमती 12,000/- रूपये एवं नगदी 10,000/- (सभी पांचसौ के नोट) जुमला कीमती:- 38000/- रुपये।

**अपराध का विवरण:** (1) प्रार्थीः- मनोज पिता स्व. मोतीलाल इन्दौरकर उम्र 32 साल निवासी ग्राम जमुनियाकलां थाना बिछुआ जिला छिंदवाड़ा मो.नं. 9630305008 की मौखिक रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुध्द अप.क्र. 323/2025 धारा 305(a), 331(3) BNS पंजीबध्द किया गया। (2) प्रार्थीः- जुगनलाल पिता चूनाराम इनवाती उम्र 32 साल ग्राम जामुनटोला पुलिस चौकी खमारपानी थाना बिछुआ जिला छिंदवाड़ा म.प्र. मो.नं. 6265527740 की मौखिक रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुध्द अप.क्र. 324/2025 धारा 305 (a), 331(3) BNS पंजीबध्द किया गया।

**जप्त मशरुका:-** (1) चोरी गये सोने एवं चांदी के जेवरात कीमती करीबन 78 हजार रुपये की (2) घटना में प्रयुक्त मो.सा. क्र. MP28ZC7609 (3) घटना में प्रयुक्त लोहे की राड (बैलगाड़ी का सैला)

**गिरफ्तार आरोपीगण:** (1) वीरपाल पिता गुलदास तेकाम उम्र 25 साल निवासी ग्राम इमलीढाना रजौला पुलिस चौकी सिंगौड़ी थाना अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा म.प्र. (2) रोशन पिता नारायण धुर्वे उम्र 24 साल निवासी ग्राम इमलीढाना रजौला पुलिस चौकी सिंगौड़ी थाना अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा म.प्र.
(3) बंटी पिता रामदीन मर्सकोले उम्र 21 साल निवासी ग्राम कतियाढाना पुलिस चौकी सिंगौड़ी थाना अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा म.प्र.

**पुलिस टीम:** थाना प्रभारी बिछुआ निरी. मोहन सिंह मर्सकोले, चौकी प्रभारी उनि रविन्द्र सिंह डोंगरा, सउनि शिवशंकर सिंह राजपूत, प्र.आर. 67 पंकज मेजर, 231 प्रमोद कुमार धुर्वे, आर. 934 फूलभानशाह परते, 195 राकेश उइके की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 20 अगस्त को होगा विशाल किसान आंदोलन

## गांव व नगर से एकजुट होंगे किसान, सरकार के खिलाफ बोलेंगे हल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिले के किसानों को पीला सोना (सोयाबीन) की फसल से अवगत कराने के साथ ही मक्का की खेती के माध्यम से कॉर्न सिटी का नाम दिया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने बदलते दौर के मुताबिक किसानों को समय पर अच्छी खाद, उन्नत बीज व बिजली आपूर्ति की व्यवस्था कराई। सिंचाई हेतु जलाशय व डैम के निर्माण कराए तब जाकर अन्नदाता की माली हालत सुधरी। वर्तमान में विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे किसानों की आवाज प्रदेश व देश की राजधानी तक पहुंचाने हेतु कमलनाथ के मार्गदर्शन व नकुलनाथ के नेतृत्व में विशाल किसान आंदोलन की तैयारी तेज हो चुकी है। छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग दो की क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी पिंडरई, कोटलबर्री, सांख व उभेगांव के पदाधिकारियों व वरिष्ठ किसान भाइयों की बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठकों को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री मनीष पांडे ने कहा कि कृषि का क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही देश के ग्रामीण क्षेत्र में बसी 70 फीसदी आबादी को रोजगार मुहैया कराता है। किन्तु दुभार्ग्य की बात यह है कि कृषि क्षेत्र ही एक ऐसा क्षेत्र है जहां किसान अपनी उपज का दाम तय नहीं करता। उन्होंने भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि किसान की आय दोगुनी होगी यह सुनते-सुनते किसान का बेटा युवा हो गया, किन्तु आय दोगुनी नहीं हुई। इस सरकार में खाद और बीज की समस्या तो स्थायी हो ही चुकी है, बिजली के बिल भी करंट मार रहे।

## स्वतंत्रता स्मारक और महापुरूषों के स्मारकों पर किया स्वच्छता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आज प्रातः 9:00 बजे से राम मंदिर नगर मंडल क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम स्मारक, युद्ध स्मारक, शहीद स्मारकों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया, सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी की प्रतिमा फव्वारा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सफाई की गई , झाड़ू लगा कर पानी से महात्मा गांधी की प्रतिमा की साफ सफाई की गई, इसके बाद पुराना पावर हाउस के पास लोकतंत्र सेनानी स्व. प्रतूलचंद द्विवेदी की प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई कर के पानी से प्रतिमा धुलाई की गई, तदोपरांत छोटा तालाब सुभाष टापू पर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा स्थल के आसपास स्वच्छता कार्यक्रम किया गया, नगर मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर ने जानकारी दी कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पूर्व भाजपा नेतृत्व के आवाहन पर मंडल स्थित स्मारकों पर आज स्वच्छता अभियान चलाया गया, 13 और 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा, विभाजन विभीषिका दिवस, और अमर शहीदों के याद में मशाल यात्रा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पीएम आवास योजना ग्रामीण विकास को आयुक्त ने सराहा

**छिन्दवाड़ा।** जिले में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार के नेतृत्व में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य में लगातार उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। प्रशासन ने विशेष रूप से पीवीटीजी जनजातीय समूह भारिया परिवारों के लिए एक अनूठा कदम उठाया है, जिसके तहत उन्हें बाजार मूल्य से कम दरों पर उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री एक साथ बल्क में उपलब्ध कराई जा रही है। इस व्यवस्था से न केवल सामग्री की कीमतों में कमी आई, बल्कि समान गुणवत्ता सुनिश्चित होने से निर्माण कार्य में पारदर्शिता और गति भी बढ़ी।

दूरस्थ और दुर्गम इलाकों में रहने वाले लाभार्थियों के लिए अक्सर परिवहन लागत और स्थानीय विक्रेताओं की सीमित उपलब्धता के कारण निर्माण सामग्री महंगी पड़ती थी और कई बार गुणवत्ता भी मानक के अनुरूप नहीं होती थी। इन चुनौतियों को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्थानीय विक्रेताओं से सीधे बातचीत कर दरों में कमी करवाई और पंचायत अमले की सघन मॉनिटरिंग के साथ सामग्री समय पर लाभार्थियों तक पहुँचाई। इसी नवाचार और प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है कि संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण विकास आयुक्त कार्यालय भोपाल द्वारा कलेक्टर श्री सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार को प्रशंसा पत्र प्रेषित किया गया। पत्र में उल्लेख है कि जिले में स्वीकृत 5815 आवासों में से 5479 आवास पूर्ण कर 94.22 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की गई है, जो प्रदेश के 5000 से अधिक आवास वाले जिलों में सर्वाधिक है। साथ ही, 25 ग्रामों में भारिया जनजाति के 1067 आवास रिकॉर्ड समय में पूरे होना जिला प्रशासन के समर्पण और नवाचार का स्पष्ट प्रमाण है।

## माचागोरा डैम तक निकली बाइक तिरंगा रैली



**चौरई।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता –स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग" अभियान के अंतर्गत आज 12 अगस्त को चौरई में एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ चौरई एसडीएम कार्यालय परिसर से हुआ, जिसका नेतृत्व कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने किया उनके साथ पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार भी इस रैली में उपस्थित रहें। अधिकारियों के साथ गाड़ियों के काफिले और उनके पीछे सजी-धजी बाइकों की लंबी श्रृंखला में शामिल सैकड़ों प्रतिभागियों ने पूरे मार्ग में देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश दिया। रैली चौरई नगर से गुजरते हुए माचागोरा डैम की ओर बढ़ी। पूरे रास्ते में तिरंगों से सजी मोटरसाइकिलें और प्रतिभागियों के हाथों में लहराते राष्ट्रीय ध्वज एक अनोखा दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे। देशभक्ति के नारे के जयघोष और ढोल-नगाड़ों की धुन ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। मार्ग में आने वाले विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने रैली का जोशीला स्वागत किया। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिससे रैली का उत्साह और बढ़ गया। ग्रामीणों और नगरवासियों ने भी सड़क किनारे खड़े होकर तिरंगे लहराए और अभियान में अपनी सहभागिता दर्शाई।

### हर घर तिरंगा यात्रा एवं स्वच्छता जागरूकता रैली

**छिंदवाड़ा।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज नगर पालिका निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भव्य हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में उत्साह और देशभक्ति के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता का भी संदेश दिया गया। रैली निगम के उपायुक्त श्री आर एस बाथम के नेतृत्व में निकली जो निगम कार्यालय से प्रारंभ होकर ईएलसी चौक, दशहरा मैदान, फब्बारा चौक, पुलिस लाइन , सत्कार तिराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय के सामने से पुनः निगम कार्यालय पहुंची। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने ऊँचे स्वर में स्वच्छता के नारे लगाए और लोगों से अपने घर, गली एवं शहर को स्वच्छ रखने का आग्रह किया। यह यात्रा देशभक्ति और स्वच्छता के संकल्प का अद्भुत संगम बनी।

## अक्षम परिवारों की अंत्येष्टि के लिए पंचायत देगी राशि



**परासिया।** ग्राम पंचायत भमोडी ने नवाचार करते हुए ऐसे आर्थिक रूप से अक्षम परिवारों को अंत्येष्टि सहायता राशि देने का निर्णय लिया है जो परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु के बाद अंत्येष्टि के लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है। ऐसा नवाचार करने वाली भमोडी जिले की पहली ग्राम पंचायत बन गई है। सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि गांव के ऐसे परिवार जिन्हें संबल सहित अन्य किसी भी शासकीय योजना के अंतर्गत अंत्येष्टि के लिए सहायता राशि नहीं मिलती है और जो आर्थिक रूप से अक्षम है उन्हें अंत्येष्टि के लिए पंचायत निधि से 3 हजार रूपये नगद प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है जिसकी अनुशंसा के आधार पर अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की जाएगी। सरपंच श्रीवास्तव ने योजना को लागू करने का पत्र जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोनिका झारिया, पंचायत निरीक्षक दीपिका पाटिल को सौंपा।

## हर्षोल्लास से मनाया भुजलिया पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चांद ब्लाक अंतर्गत ग्राम रमपुरी टोला में बंजारा समाज ने हर्षोल्लास से मनाया भुजलिया पर्व, जिसमें आसपास के सेला नृत्य कलाकारों ने कलाकृति की प्रस्तुतियां दी जिन्हें ईनाम का वितरण भी किया गया। जहां विधायक चौधरी सुजीत सिंह ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा की भुजलिया पर्व, आपसी भाईचारे, मेल मिलाप और सद्भाव को बढ़ाता है साथ ही सभी एकजुट होकर अच्छी बारिश एवं फसल होने के लिए कामना करते हैं उपस्थित जनों को रक्षाबंधन एवं भुजालिया पर्व की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर- राजेंद्र पटेल, पृथ्वीराज पटेल, शिवाकांत सिंह पटेल, भगवान सिंह पटेल, रेखन सिंह पटेल, भूरा पटेल, शंकर सिंह रघुवंशी, वीर सिंह रघुवंशी, रामभरोस चौहान, प्रभात सिंह, जीवन सिंह पटेल नेर, कृष्ण कुमार पटेल, हरीश पटेल, राघवेंद्र पटेल, अंकित मंगरौले, प्रवीण रघुवंशी, नीरज विश्वकर्मा, राधेश्याम शर्मा, सहित बंजारा समाज एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## विशाल तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

**देशभक्ति की दिखी झलक , स्कूल के विद्यार्थी सहित जनप्रतिनिधिगण हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ



संगठन के निर्देशानुसार मंगलवार को बिछुआ मंडल द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया,तिरंगा यात्रा का शुभारंभ शासकीय महाविद्यालय बिछुआ से शुरू होकर बस स्टैंड होते हुए नगर भ्रमण कर फिर शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के सामने आकर समापन किया गया।

सम्पूर्ण यात्रा में भारत माता की जय,वंदे मातरम के नारे लगाए गए,डीजे में देशभक्ति गीत बजाकर यात्रा में देशभक्ति की झलक दिखी,तिरंगा यात्रा में उत्कृष्ट विद्यालय एवं कन्या शाला की स्कूली बच्चों एवं शासकीय महाविद्यालय के छात्रों ने अपनी विशेष सहभागिता दी,इसके अलावा बिछुआ नगर के नागरिक गण एवं प्रशासनिक अधिकारियो ने भी तिरंगा यात्रा में शामिल होकर अपनी सहभागिता दी,इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर,विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे,जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,वरिष्ठ नेता मारुति कोचे,रामसिंह पटेल,शिवराम चौरसिया,रघुराज पटेल,बलवीर डेहरिया,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित,जनपद सीईओ गौरव तिवारी,थाना प्रभारी मोहन मर्सकोले, बीआरसी दिनेश डिगरसे,सीएमओ आशीष मरावी,स्कूल प्राचार्य, शिक्षक समेत बिछुआ नगर के पार्षद गण , जनप्रतिनिधि , भाजपा पदाधिकारी,मातृशक्ति एवं कर्मचारी बंधु उपस्थित रहे।

## वायरल फीवर की चपेट में आया परासिया

**समाजसेवी चौरसिया ने आम नागरिकों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का दिया सुझाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



इन दिनों परासिया और आसपास के क्षेत्र वायरल फीवर की चपेट में हैं, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस संक्रमण के कारण मरीज 8 से 10 दिनों तक बिस्तर पर रहने को मजबूर हो रहे हैं। क्षेत्र के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ गया है।यह वायरल फीवर सिर्फ एक सामान्य बीमारी नहीं है, बल्कि इसके लक्षण अत्यंत कष्टदायक हैं। मरीजों को तेज बुखार, कंपकंपी, लगातार खांसी, तेज सिरदर्द और अत्यधिक कमजोरी का सामना करना पड़ रहा है।स्वास्थ्य विभाग की अपील और दिशा-निर्देशः इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य विभाग ने जनता से आपातकालीन अपील करते हुए कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैंः मास्क का उपयोग करेंः भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें। संतुलित आहारः पौष्टिक भोजन खाएं और पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी व तरल पदार्थों का सेवन करें।

**डॉक्टर की सलाह:** किसी भी दवा का सेवन बिना प्रमाणित चिकित्सक की सलाह के न करें।

**पूर्ण विश्रामः** पर्याप्त आराम करें और भीड़ से बचें।

**स्वच्छता बनाए रखें:** अपने घर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, ताकि मच्छर और बीमारियों के वाहक न पनप सकें।स्वास्थ्य विभाग सभी नागरिकों से आग्रह करता है कि वे जरा भी लक्षण महसूस होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क करें और उचित उपचार कराएं। इस मामले में, समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया ने भी अपनी चिंता व्यक्त की है। उनका मानना है कि यह वायरल फीवर कोरोना से संबंधित है, जिसके लक्षण लगभग समान हैं, जैसे तेज बुखार, फेफड़ों में कफ जमना, सांस लेने में दिक्कत और सर्दी व सिरदर्द।

## छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा, भारतमाता के उद्घोष से गूंजा शहर




**चांदामेटा / परासिया :-** संत चावरा नेशनल एकेडेमी ने हाल ही में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना था।यात्रा की शुरुआत प्रधानाचार्य फादर जैसन द्वारा तिरंगा झंडा दिखाकर की गई। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तिरंगे को सलामी दी।तिरंगा यात्रा के दौरान, छात्रों ने देशभक्ति नारे लगाकर अपने देश के प्रति प्रेम और समर्पण को प्रदर्शित किया। यह यात्रा संत चावरा नेशनल एकेडेमी के छात्रों के बीच देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देने में सफल रही।

### आईसीयू से सिर्फ 4 दिन में घर लौटी, शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल ने दी अत्याधुनिक न्यूरो इंटरवेंशन सुविधा

## फटी हुई ब्रेन एन्यूरिज़्म का शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल में हुआ सफल इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



हाल ही में मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा की 60 वर्षीय महिला को अचानक तेज सिरदर्द, फिर उनींदापन और चिड़चिड़ापन महसूस होने पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सुपरस्पेशलिटी इंस्टीट्यूट (डीबीएएसआई) के सुपरस्पेशलिटी विंग, 1,020 बेड्स वाले शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एसएमएचआरसी), वानाडोंगरी में भर्ती कराया गया ।भर्ती करने के बाद तुरंत किए गए सीटी स्कैन में ब्रेन हैमरेज का पता चला और बिना देरी किए मरीज को आईसीयू में भर्ती कर लिया गया। आगे की जांच में पता चला कि मरीज के मस्तिष्क की बाईं एंटीरियर सेरेब्रल आर्टरी (ACA) में एन्यूरिज़्म फट गया है। यह एक गंभीर और जानलेवा स्थिति होती है, जिसमें मस्तिष्क की कमजोर रक्त वाहिका फट जाती है और अंदर खून बहने लगता है। इंटरवेंशनल न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. जीवन किंकर ने बताया, "ब्रेन एन्यूरिज़्म तब तक छुपा हुआ रहता है, जब तक वह फट न जाए। समय पर इलाज बहुत जरूरी है। डीबीएएसआई में हमारे पास ऐसी आपात स्थितियों का सही तरीके से पता लगाने और सुरक्षित इलाज करने की पूरी सुविधा है।" स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक मल्टीडिसिप्लिनरी न्यूरोइंटरवेंशन टीमने मिनिमली इनवेसिव एन्यूरिज़्म कॉइलिंग प्रक्रिया की, जिसमें डॉ. निकुंज चौधरी (इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट), डॉ. सचिन ढोमने (न्यूरो-इंटरवेंशनिस्ट), डॉ. जीवन किंकर (इंटरवेंशनल न्यूरोलॉजिस्ट) और डॉ. शुभम दुग्गड़ (फेलो आईआर) शामिल थे। इस प्रक्रिया में प्रक्रिया कैथेटर के जरिए मस्तिष्क की रक्त वाहिका तक पहुंचकर, उसमें सॉफ्ट प्लैटिनम कॉइल डाली गई ताकि एन्यूरिज़्म को सील किया जा सके और दोबारा खून बहने से रोका जा सके। एनेस्थीसिया में महत्वपूर्ण सहयोग डॉ. प्रियंका और डॉ. अंजली ने दिया।टीम के बेहतरीन समन्वय से यह प्रक्रिया सफल रही। मरीज जल्दी ठीक हुई, सभी लक्षण खत्म हो गए और सिर्फ चार दिनों में उन्हें हॉस्पिटल से छुट्टी मिल गई।प्रक्रिया के दौरान जरूरी देखभाल डॉ. नीलकंठ, डॉ. गजानन, डॉ. सोनाली और डॉ. प्राची (मेडिकल ऑफिसर) ने की। आईसीयू नर्सिंग स्टाफ में ब्रदर निलेश, सिस्टर मुक्ता, सिस्टर निकिता, सिस्टर त्रिश्ना शामिल थे।; कैथलैब स्टाफ में सिस्टर शारदा, सिस्टर सीमा, सिस्टर तेजस; और टेक्नीशियन श्री प्रतमेश व श्री चैतन्य ने भी अहम भूमिका निभाई। शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. वसंत गावंडे ने बताया कि, इस तरह की हाई-टेक प्रक्रिया आमतौर पर काफी महंगी होती है, लेकिन इस मामले में इसे पीएम-जय योजना के तहत पूरी तरह मुफ्त किया गया।

## भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा अभियान के तहत जुटे भाजपा नेता

# नगर के मुख्य मार्गों पर गूंजा वंदेमातरम का उद्घोष, नगर की सड़कों में लहराया तिरंगा

न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को जुन्नारदेव में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस रैली में बड़ी संख्या में विकासखंड के प्रशासनिक अधिकारी स्कूली छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व एसडीएम सुश्री कामिनी ठाकुर,सीएमओ नेहा धुर्वे,मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे सहित अन्य गणमान्य जन्म मौजूद थे। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। तिरंगा यात्रा नगर पालिका परिसर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम और



जयहिंद के गगनभेदी नारे लगाते रहे। पूरा नगर देशभक्ति और एकता के रंग में सराबोर हो गया। भाजपा नेता विवेक चंद्रवंशी ने कहा कि तिरंगा हमारे गौरव, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इसे केवल फहराना ही नहीं, बल्कि इसके सम्मान और मूल्यों को जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष रमेश सालोडे, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, वरिष्ठ नेता शिवकुमार राय, सांसद प्रतिनिधि अमरदीप राय, अपील समिति सदस्य एवं पार्षद। संजय जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रसाद शर्मा,राजेश श्रीवास्तव बूटा चटर्जी, भारत जोशी राजेंद्र यादव,सीमा चौरसिया, लता टांडेकर, प्रमोद बदेवार, नितेश राजपूत, अभिषेक पार, अमित यादव, जितेंद्र सूर्यवंशी,देवेंद्र टांडेकर, विजयपाल राजेंद्र सूर्यवंशी, अभिषेक चौरसिया, संतोष बंदेवार,रोहित मालवी, राहुल निरापुरे, सलमान लाला, आदित्य उपाध्याय, आदित्य सोनी, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री अमन सोनी, गुड्डू रजक पार्षदगण एवं समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय से नगर भ्रमण के लिए निकली हर घर तिरंगा यात्रा में आज बड़ी संख्या में विकासखंड जुन्नारदेव के प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं का हुजूम दिखाई दिया। इस तिरंगा यात्रा में वंदे मातरम, भारत माता की जय, तिरंगा अमर रहे जैसे उद्घोष लगातार लगते रहे। शहर की सड़क इन नारों से गूंजायमान लगी। भाजपा नेता संजय जैन नगर वासियों से विनम्र अपील किए हैं की राष्ट्रीय ध्वज प्रत्येक प्रतिष्ठा एवं निवास पर लगे राष्ट्र भावनाओं से प्रेरित होकर प्रत्येक जनमानस को राष्ट्र सर्वोपरि की धारणा को लेकर उत्साहित करना है।

## भारत माता की जय के नारों के साथ तामिया में निकाली तिरंगा यात्रा

**तामिया।** देश की स्वतंत्रता के 79 वे स्वतंत्रता समारोह के शुभ अवसर पर तिरंगा यात्रा तामिया में निकाली गई! स्वतंत्रता दिवस के पहले शासकीय सादिपनी स्कूल प्राचार्य बीके सानेर सहित शिक्षक प्रशासनिक अधिकारी पार्टी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि नगर वासी एवं छात्र-छात्राएं इस तिरंगा यात्रा में रैली में शामिल हुए! सभी की मौजूदगी में यह तिरंगा यात्रा ब्लॉक कॉलोनी तिराहे से मिडिल स्कूल मैदान तक निकाली रैली निकालने के पूर्व राष्ट्रगान सामूहिक रूप से गाया गया! एवं राष्ट्रभक्ति के गीत बजाए गए रैली में चल रहे छात्र-छात्राओं एवं सभी शामिल जनों ने भारत माता की जय के साथ राष्ट्र भक्ति के नारे लगाकर देश भक्ति माहौल निर्मित किया! 2 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा का समापन मिडिल स्कूल मैदान के बजाय रेज परिसर में हुआ जहां पर सभी छात्र-छात्राओं एवं तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों के लिए चाय बिस्कुट स्वल्पाहार पीने के पानी की व्यवस्था विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी के लिए की गई! इस तिरंगे यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष दयाराम ईरपाची, विनय साहू महामंत्री, रियाज खान मंडल उपाध्यक्ष, नीलेश डेहरिया मंडल उपाध्यक्ष, विजय विजय शिवहरे कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गेश सलामे के अलावा भाजपा के सभी कार्यकर्ता शामिल थे! इनके अलावा नगर निरीक्षक तामिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अधिकारी कर्मचारी इस तिरंगा यात्रा में शामिल रहे।




## मैदान पर कीचड़ रेंज, ऑफिस की सीमेंट रोड में उखड़ी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

देशभर के साथ आज तामिया में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई यह यात्रा ब्लॉक कॉलोनी से प्रारंभ हुई! जिसमें अधिकारी कर्मचारी पार्टी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि इस तिरंगा यात्रा में शामिल थे! तिरंगा यात्रा जो 2 किलोमीटर दूर मिडिल स्कूल मैदान पर समापन होना था! लेकिन मैदान पर ठेकेदार ने निर्माण सामग्री पटक रखी है! एवं उनके माल वाहक आने जाने से पूरी तरह से खेल मैदान कीचड़ में तब्दील हो गया? जिससे शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी छात्रावास, अधीक्षक की लापरवाही ठेकेदार को अघोषित सहयोग इसके नतीजे तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राओं के अलावा गड़ मान्य नागरिकों एवं अतिथियों को तामिया सांगा खेड़ा रेंज परिसर मैं मजबूरन ले जाना पड़ा ! समापन पर स्वल्पाहार कराया गया!लेकिन यहां पर तामिया रेंजर द्वारा जो सीमेंट रोड बनाई गई थी!वह उनके ही कार्यकाल में उखड़ गई? जिसकी गिट्टी बिखरी पड़ी थी! जिस कारण यहां पर आए छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ा! इस तरह आज तिरंगा यात्रा के दौरान छात्रावास के सामने खेल मैदान एवं रेंज ऑफिस कार्यालय में बनी सीमेंट रोड मैं परेशानी का नजारा तिरंगा में यात्रा में आए. सभी को देखने मिला? साथ ही सीमेंट रोड एवं खेल मैदान पर कीचड़ की चर्चा तिरंगा यात्रा के दौरान लौटते वक्त सभी के जुबान पर चर्चा का विषय बनी रही।

## परासिया में निकाली तिरंगा रैली



**परासिया।** हर घर तिरंगा अभियान हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत नगर पालिका डोंगर के द्वारा परासिया के मुख्य मार्ग में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया एवं तिरंगा शपथ ली गई । जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष विनोद मालवीय , उपाध्यक्ष महेश सोम कुंवर , सभापति कुंती उईके , शशि सतनामी , मुख्य नगर पालिका अधिकारी भरत गजबे एवं नगर पालिका परासिया के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे । रैली के दौरान अध्यक्ष विनोद मालवीय के द्वारा तिरंगे की महानता पर प्रकाश डाला गया , अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया, कि यूक्रेन एवं रूस के युद्ध के दौरान भारतीयों को भारत वापसी के लिए दोनों देशों की ओर से युद्ध विराम की घोषणा की गई थी , साथ ही अन्य देशों के नागरिकों को तिरंगे झंडे को ओढ़ कर यूक्रेन एवं रूस से निकाला गया था , यह घटना भारत की महानता एवं तिरंगे शक्ति से पूरे विश्व में अवगत कराती है । साथ ही अध्यक्ष द्वारा नगर पालिका डोंगर परासिया के अंतर्गत प्रत्येक प्रतिष्ठान एवं घरों में तिरंगा झंडा लगाने की अपील की गई ।

## समीक्षा ठेकेदारों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रश्मि चौहान जनपद पंचायत की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सहायक यंत्री ,उपयंत्री, सिविल/ मैकेनिकल एवं ग्राम पंचायत से सरपंच, सचिव , सहायक सचिव उपस्थित रहे ।सचिव सरपंच को संचालन संधारण एवं जे जे एम की गाइडलाइन के बारे में समझाया गया।जेजेएम की गाइडलाइन अनुसार न्यूनतम 20 मकान एवं मुख्य ग्राम से 500 मीटर की दूरी अधिक होने पर कनेक्शन नहीं दिया जावेगा। नल जल योजना के शुरुआती दिन से बिजली के बिल का भुगतान पंचायत एवं पेयजल कर समिति द्वारा किया जाएगा । तीन महीने की अवधि में संचालन संधारण लीकेज एवं नल योजना की टूट फूड मरम्मत कार्य ठेकेदार द्वारा किए जाएंगे । तीन महीने के ट्रायल रन के उपरांत नल जल योजना के संचालन संधारण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होगी।

## शासकीय महाविद्यालय लांजी से निकली तिरंगा यात्रा



### छात्रों ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता और स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग के तहत निकाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज लांजी।

मंगवालर को शासकीय महाविद्यालय लांजी के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता और स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई। प्राचार्य आर. सोनवाने ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र-छात्राएं वंदे मातरम और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ उत्साह से कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। यह रैली महाविद्यालय से शुरू होकर सुभाष चौक एवं नगर भ्रमण के पश्चात पुनः महाविद्यालय में समाप्त हुई। इस यात्रा में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं और अध्यापक प्राचार्य श्री सोनवाने की अगुवाई में शामिल हुए। सुबह 11.30 बजे से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। वहीं रैली के दौरान अपने संबोधन में प्राचार्य आर. सोनवाने ने कहा, हम राष्ट्र को ऊर्जावान बनाने के लिए लगातार अपने तिरंगे से प्रेरणा लेते हैं। हमारा तिरंगा हमें देश की सेवा करने और देशवासियों के प्रति समर्पित होने की भावना से ऊर्जान्वित करता है। उन्होंने सभी से अपील की कि श्हर घर तिरंगा अभियान में भाग लें और देश की आजादी के 78 वर्ष का महोत्सव एक साथ मिलकर मनाएं। इस अभियान का उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस तिरंगा यात्रा में महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत बालसभा का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत विकासखंड कटंगी के सांदीपनि स्कूल में बच्चों के लिए एक बाल सभा का आयोजन किया गया. जिसमें देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई. बाल सभा में एसडीएम के.सी.ठाकुर, सीईओ गायत्री कुमार सारथी, बीआरसी रविन्द्र हरिनखेड़े, प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता, उप प्राचार्य यतीन्द्र अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे प्रमुख रुप से शामिल हुए. बाल सभा में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया, जैसे कि तिरंगा रंगोली, चित्रकला, और निबंध प्रतियोगिताएं. इन गतिविधियों के माध्यम से, बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व और देश के प्रति प्रेम को समझने का अवसर मिला. वहीं दोपहर 03 बजे मानव श्रृंखला बनाई गई. जिसमें तमाम विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों सहित स्कूली विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाना है. इसके अतिरिक्त, बच्चों को 'हर घर तिरंगा' अभियान के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### कार्यक्रम के बाद निकाली गई तिरंगा रैली

## एसएसपी महाविद्यालय में क्रांति दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकरसाव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी में 12 अगस्त को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत क्रांति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं भाषण, गीत गायन, कविता पठन एवं निबंध लेखन विधाओं में भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस एस गेडाम एवं मुख्य वक्ता डॉ रक्षा निकोसे रही। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने सन- 1857 की प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन एवं सन- 1942 की भारत छोड़ो आंदोलन पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

इसके ठीक बाद हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय परिवार समस्त सदस्यगण एवं विशाल संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अभियान की परिकल्पना सामूहिक उत्सव और नागरिक एकता की भावना पर आधारित हैं, जिसमें स्वतंत्रता के सार को स्वच्छता और सुजलता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है। रैली के माध्यम से जन सामान्य को घर घर जाकर तिरंगा वितरण किया गया एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस तिरंगा रैली में एनसीसी के छात्र-छात्राओं की विशेष भूमिका रही।

कार्यक्रम में डॉ अनिरूद्ध सिंह काकोडिया, डॉ त्रिरत्नेश गजभिये, डॉ पूर्णिमा कुमरे, श्रीमती सरिता नागवंशी, मोहनीश इडपाचे, डॉ विनोद गजभिये, डॉ मनोज गजभिये, डॉ दीपक कार्तिकेय, श्रीमती मोनिका सोनी, श्रीमती हर्षिता मेश्राम, श्रीमती टीना बिसेन, विजय दांदरे, डॉ पवन सिंह, श्रीमती रश्मिबाला पारधी, डॉ तपेश चौरे, श्रीमती मनीषा सहारे एवं समस्त महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।

### मंडई टेकरी स्थित विपणन संघ कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में जमा हुए किसान, पुलिस ने संभाला मोर्चा

# डीएपी-यूरिया खाद की भारी किल्लत, पूरे दिन लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटे किसान

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले भर के किसान खरीफ फसलों की बुवाई में जुटे हुए हैं। ऐसे में किसानों के बीच डीएपी और यूरिया की मांग बढ़ गई है। लेकिन कई तहसीलों में डीएपी और यूरिया की भारी कमी दिख रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति लांजी जनपद क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। जहां, डीएपी और यूरिया की भारी कमी से किसानों में दहशत फैल गई है, जिससे वितरण केंद्रों पर अफरा-तफरी मच गई है। दरअसल, मंगलवार को नगर के मंडई टेकरी स्थित मध्यप्रदेश राज्य विपणन केंद्र लांजी में सैकड़ों किसान उमड़ पड़े, क्योंकि वहां 700 बैग सोडा लेकर एक ट्रक शुक्रवार को पहुंचा था। खरीफ फसलों की बुवाई का मौसम चल रहा है, ऐसे में महत्वपूर्ण उर्वरकों की कमी के डर से भीड़ उमड़ पड़ी और अशांति फैल गई। ऐसे में पुलिस को भी किसानों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ी। नगर निरीक्षक वीभेंद्र टांडिया ने केंद्र में बिगड़ रही स्थिति को समझते हुए स्वयं मोर्चा संभाला और किसानों को कतार में रहकर उर्वरक प्राप्त करने के लिये कहा। वहीं दूसरी ओर किसानों ने उर्वरक आपूर्ति के बार-बार कुप्रबंधन पर नाराजगी व्यक्त किया और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।




**लाइन में खड़े रहे किसान, नहीं मिला खाद:** क्षेत्र के लगभग आधा सैकड़ा से भी अधिक ग्रामों से पहुंचे किसानों ने बताया की केंद्र में सोडा आने की जानकारी उन्हें मिली तो वे सुबह के 4 बजे से केंद्र पहुंच चुके हैं परंतु यहां किसानों की इतनी ज्यादा भीड़ होने के कारण किसी भी किसान को सहीं ढंग से उर्वरक प्राप्त नहीं हो पा रहा है। जबकि केंद्र में किसान सुबह-सुबह ही इक_ा हो गए थे, कुछ पैदल आए थे, तो कुछ ट्रैक्टर या मोटरसाइकिल पर। वहीं, कई लोगों ने बताया कि वे बिना भोजन या पानी के चिलचिलाती गर्मी में पूरे दिन इंतजार करते रहे। लेकिन खाद नहीं मिली। साथ ही स्थिति और बिगड़ गई, जिससे गुस्सा भड़क गया और प्रशासन को भीड़ को नियंत्रित करने और खाद वितरण को सुचारू बनाने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा।

**डीएपी-यूरिया की कमी से परेशान किसान:** क्षेत्र में डीएपी-यूरिया की कमी से संकट और भी गंभीर है, जहां महीनों से खाद की कमी है। किसानों का कहना है कि महीनों से डीएपी नहीं आया है और यूरिया की उपलब्धता भी अनियमित बनी हुई है। परेशान किसानों ने कहा कि हमें बिना खाद के अपने खेतों की सिंचाई करनी पड़ रही है। यह फसल की पैदावार के लिए गंभीर खतरा है। किसानों का कहना है कि उन्हें आपूर्ति के किसी आश्वासन के बिना एक केंद्र से दूसरे केंद्र तक जाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

इस संबंध में जब केंद्र के प्रबंधक सलीम कुरैशी से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा कॉल ही रिसिव नहीं किया गया।

# सरकार के आदेश के विरोध में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने विधायक विवेक विक्की पटेल को सौपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** सरकार के आदेश के बाद कलेक्टर ने जिले में न्यायालयीन और गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को नियुक्त किया हैं। लेकिन इस आदेश को मनमाना और नियम विरुद्ध बताते हुए राजस्व सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने मोर्चा खोल दिया हैं।

मंगलवार को वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के राजस्व अधिकारी कनिष्ठ प्रशासनिक तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव और राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव के नाम विधायक विवेक विक्की पटेल को ज्ञापन सौपा है और इस आदेश को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की मांग की हैं। जिसके बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने उन्हें आश्वस्त किया हैं कि इस आदेश को निरस्त करने प्रदेश के मुख्यमंत्री के चर्चा करेंगे।

इस दौरान तहसीलदार अनुराग मड़ावी, नायब तहसीलदार दुलारेलाल परते, कन्हैयालाल टेकाम, कृष्णा नायक, टी पी अक्षरिया, श्रीमती वंदना कुसराम, मंजूला महोबिया, छबि पंत मौजूद रहे।



**हड़ताल से आम जनता के काम हो रहे प्रभावित:** तहसीलदार व नायब तहसीलदारों द्वारा अपने संगठन के बिना तले 6 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। जिससे वे शासन की ओर से न्यायालयीन और गैर न्यायालयीन कार्य विभाजन किए जाने का विरोध जता रहे हैं और इसे शासन का मनमाना आदेश बताया जा रहा है। जिला प्रशासन को इस संबंध में पूर्व में ही हड़ताल पर जाने को लेकर सूचना पत्र प्रेषित किया जा चुका हैं, हड़ताल पर जाने के बाद आम जनता के काम में भी रूकावट हो रही हैं, जिससे उनके काम नहीं होने पर नाराजगी जताई हैं।

**प्रदेश सरकार आदेश को तत्काल करे निरस्त:** राजस्व सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने मोर्चा खोलते हुए कहा कि सरकार के राजस्व विभाग ने राजस्व अधिकारियों के न्यायालयीन कार्यों का विभाजन किया हैं। जिसमें कलेक्टर ने इसको लेकर निर्देश जारी करते हुए न्यायालयीन और गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए अधिकारियों को दायित्व सौपे हैं। जिसमें बताया गया हैं कि कौन अधिकारी न्यायालयीन और गैर न्यायालयीन कार्य करेंगे। जिसे तहसीलदार और नायब तहसीलदार बिना किसी अध्ययन और बिना किसी सिफारिश के लागू करना बता रहे है।

तहसीलदारों कहना है कि कार्य विभाजन बिना किसी उद्देश्य की स्पष्ट और पारदर्शी मापदंडों ना बताते हुए इसे मनमानी ढंग से नियम के विरुद्ध लागू किया गया हैं, जो सही नहीं हैं। कार्य विभाजन से तहसील स्थित राजस्व न्यायालयों की संख्या में कमी की जा रही है और कोई समुचित दिशा निर्देश भी जारी नहीं किए गए हैं। जबकि जब वे इस पद पर भर्ती हुए थे, तो उन्होंने दोनों कार्यों की ट्रेनिंग ली थी।

### पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने दिया समर्थन, बोले- नगर पालिका को बर्खास्त कर चुनाव कराएं

## बालाघाट नपा के सामने पार्षद बैठा हड़ताल पर!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ पर वार्डों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्षद आशुतोष डहरवाल ने मंगलवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस हड़ताल को पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने भी अपना समर्थन दिया है। हड़ताली पार्षद से मिलने के लिए अन्य कांग्रेसी पार्षद भी पहुंचे।



पार्षद आशुतोष डहरवाल ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ के सामने वार्डों की समस्याओं को रखा था। चेतावनी दी थी कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह 12 अगस्त से हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका ने उनकी बातों पर ध्यान देने के बजाय हड़ताल के लिए लगाया गया उनका पंडाल भी हटवा दिया।

उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र के वार्डों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। ना तो ठीक से बिजली की व्यवस्था है और ना ही कचरा संग्रहण हो रहा है। निर्माण कार्यों की स्थिति भी खराब है। डहरवाल ने बताया कि इन मुद्दों को वह कई बार परिषद की बैठकों में उठा चुके हैं, लेकिन नगर पालिका प्रबंधन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

डीजल घोटाला और किराए के वाहनों का घोटाला फाइलों में दबा

पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने पार्षद की हड़ताल का समर्थन करते हुए नगर पालिका के कामकाज पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की हालत बहुत खराब है। मुंजारे ने नगर पालिका को बर्खास्त कर तुरंत चुनाव कराए जाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका में लाखों रुपए का डीजल घोटाला और किराए के वाहनों का घोटाला फाइलों में दब गया है।

### बालाघाट में छात्रों ने कलेक्टर से मांगी मदद, कहा-14 साल से जारी है परेशानी

## स्कूल में फर्नीचर नहीं, फर्श पर बैठकर पढ़ रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के लामता स्थित शासकीय हाईस्कूल के छात्र मंगलवार को 65 किलोमीटर दूर से कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर से स्कूल में फर्नीचर और सफाई कर्मी की नियुक्ति की मांग की।

बच्चों का कहना है कि स्कूल में पिछले 14-15 सालों से फर्नीचर की व्यवस्था नहीं है। छात्रों को फर्श पर बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है।

**फर्श पर बैठने पर कपड़े और किताबें हो रही खराब**

छात्र अक्षत बिसेन ने बताया कि बरसात के मौसम में फर्श में नमी के कारण उनके कपड़े और किताबें खराब हो रही हैं। छात्रों को ठंड भी लग रही है। स्कूल प्रबंधन की ओर से सिर्फ आश्वासन मिलता रहा है।

**स्कूल का बहिष्कार करने की दी चेतावनी**

शैक्षणिक फाउंडेशन के प्रतिनिधि अभय पिछोड़े ने बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्कूल में पीने के पानी और शौचालय की भी समस्या है। यह स्थिति विद्यार्थियों के मूल अधिकारों का उल्लंघन है।



छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर फर्नीचर की व्यवस्था नहीं की गई तो वे स्कूल का बहिष्कार करेंगे।

## कार्यपालन यंत्री श्री उइके ने अजगरा में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बी एल उइके ने 11 अगस्त को बिरसा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम अजगरा में जल जीवन मिशन की नल जल योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपसरपंच, पंच एवं ग्रामीणों से नलजल योजना के लिए उच्चस्तरीय टंकी निर्माण के संबंध में चर्चा की। इस दौरान विभागीय सहायक यंत्री, एंव हैंडपम्प टेक्नीशियन उपस्थित रहे। श्री उइके ने ग्रामीणो से कहा कि अजगरा में नलजल योजना के लिए टंकी का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। जिससे घरों में नल के द्वारा शुद्ध पेयजल प्रदाय होने लगेगा।

### पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थीयो हुए सम्मानित, आगे बढ़ने के लिए किया प्रोत्साहित

## भौरगढ में हुआ कुनबी समाज का सम्मान समारोह, नई कार्यकारिणी हुआ गठन

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी**।छत्रपति शिवाजी राजे कुनबी समाज ब्लॉक ईकाई खैरलांजी के तत्वावधान में 12 अगस्त मंगलवार को ग्राम भौरगढ के सिद्ध स्वामी भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का समापन डा. रविंद्र ताथोड वारासिवनी, विशाल राऊत कुनबी समाज जिलाध्यक्ष, समाजसैवी रामप्रसाद तितरमारे सरपंच खैरी ,श्रीमती वर्षा होलुराम कहालकर सरपंच मोवाड, नानाजी माहुले अभिमन्यु सेलोकर ,पांडुरंगज तितिरमारे ,अनिल डायरे, डोमजी कडव के प्रमुख आतिथ्य में हुआ। इस दौरान शैक्षणिक कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओ को सम्मानित किया गया। एंव नवीन ब्लॉक कार्यकारिणी समिती का गठन किया जिसमे डेविड सेलोकर को पुन तीसरी बार कुनबी समाज का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया । बताया गया की सम्मान समारोह में समाज की होनहार बच्चो को जिन्होंने कक्षा दसंवी एंव बारहॅवी मे 75 प्रतिशत अंक अर्जित कर समाज का नाम गौरवान्वित किया ऐसे बच्चो को सम्मानित किया गया जिसमें बारहॅवी में आहिस्ता मुन्नालाल डायरे , विशाल श्री राम बुरडे . हिमांशु घनश्याम अतकारी ,अंजलि. प्रेमलाल ठौकर कक्षा दसवीं समीक्षा विशाल डायरे . वैशाली राजेश भगत . प्रतिमा पवन डायरे . मानसी पुनेस बान्ते अर्यन जागेश डायरे .रिया धनेंद्र पन्चबुधे .सलोनी कृष्ण कुमार बोरकर .जय कुमार ओम प्रकाश ठौकर प्रांजल चंद्र कुमार माहुले . पिंकी अनिल माहूले



,अंक कृष्ण कुमार सेलोकर . जतिन लखी राम भोयर . विराज गनीराम सेलोकर विधार्थी शामिल है जिन्हे पुरस्कार देकर सम्मानित किया । तथा छत्रपति शिवाजी राजे कुनबी समाज ब्लॉक खैरलाजी के नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें डेविड सेलोकर अध्यक्ष ,अनीता तितिरमारे उपाध्यक्ष,सचिव संजय मते ,कोषाध्यक्ष जितेंद्र बोहरे ,सहसचिव संतकला बाई सेलोकर , मेहतलाल मोहतुरे सहित अन्य को संगठन में शामिल किया गया। इस दौरान वक्तओ के द्वार समाज को समृद्ध और विकास करने की बात पर जोर दिया तथा शिक्षा के क्षेत्र में बच्चो को आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया गया एंव होनहार बच्चो की पढ़ाई लिखाई के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए समाज के सम्पन्न और बुद्धजीवी लोगो को आगे आकर मदद करने का आग्रह किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में निकाली गई तिरंगा रैली



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय एवं एनसीसी-सीओ लैफ्टीनेट कर्नल श्री विनीत कमल गुप्ता के मार्गदर्शन में 12 अगस्त को आजादी के अमृत महोत्सव एवं राष्ट्र को एकता में पिरोने के लिए शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में संस्था के 600 छात्र छात्राओं ने भाग लिया तथा एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रास, स्काउट गाइड ने हर घर तिरंगा लेकर अपनी सहभागीता निभाई। जिसमें देश प्रेम के नारो के साथ जन-जन को अपने देश, राज्य, जिले, गांव, घर को निरंतर स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मॉडल स्कूल प्राचार्य श्री सौरभ कुमार शर्मा एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## नगर पालिका मलांजखण्ड ने निकाली तिरंगा रैली

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। शासन के निर्देशानुसार नगरपालिका परिषद मलांजखण्ड में आज नगरपालिका कार्यालय मोहगांव से होते हुए पौनी ,मलांजखण्ड, भिमजोरी, बिरसा से मरारीटोला तक तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिल के साथ बडी गाडिय़ों के साथ रैली निकाली गई । जिसमें रैली के साथ लोगों को अपील की गई कि सभी नगरवासी अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा अवश्य लगाये , इस बार पूरा देश 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को विजयी दिवस के रुप मे मना रहा है । सभी से एकता और अखंडता के साथ बढ चढ कर जोश और उत्साह के त्यौहार को मनाने की अपील की गई । रैली मे मुख्य रूप से नगरपालिका अध्यक्ष मानसिंह मेरावी, सभापति मधु संेदरे, राजेंद्र राहंगडाले, सुबेदार सिंह कुशवाहा , सीएमओ दिनेश बाघमारे, अनिल डहेरिया, विकेश कुमरे , राजेश नागेश्वर, अशोक ब्रमनोटे, राजेंद्र चंदेश्वर नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।



### एसडीएम व जनपद अध्यक्ष ने किरनाइ मंदिर के प्रांगण में झाड़ू लगाकर दिलाई शपथ

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर**। जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत मां किरनाई मंदिर के प्रांगण में एसडीएम मायाराम कोल व जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह जनपद के कर्मचारी व ग्राम पंचायत किरनापुर के समस्त पंच व सरपंच द्वारा झाड़ू लगाकर साफ सफाई की। वही ग्राम पंचायत किरनापुर द्वारा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियानस्वच्छता का सन्देश देने के लिए बड़े होडिंग और सेल्फी सभी बनाये गए।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष ने लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा हमारे स्वभाव और संस्कारों से स्वच्छता झलकना चाहिए। इस अभियान में आम जन भी जुड़ें तभी स्वच्छता अभियान सार्थक होगा। जनपद अध्यक्ष व सरपंच , उपसरपंच, पंच ने वार्डों से अभियान की शुरुआत की। उन्होंने झाड़ू लगा कर कचरा साफ किया और नगर को साफ रखने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने नगर को साफ सुंदर और स्वच्छ बनाए रखने के लिए संकल्प भी दिलाया।

## वारासिवनी चंदन नदी के तट पर हुआ पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के कार्यक्रम में एक पेड मॉ के नाम अभियान के अंतर्गत चंदन नदी वारासिवनी पुल(मेंहदीवाडा) के किनारे प्राकृतिक सुंदरता व पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से दिनांक 10 अगस्त को चंदन नदी के किनारे कटहल, अशोक, गुलमोहर, अमरूद, काजु, बादाम, जामुन, करजी, चितावर, कदम, अमलतास सहित अन्य पौधो का रोपण किया गया। माध्यमिक शिक्षक मनोज भालाधरे ने स्वयं व बच्चों के साथ मिलकर पहले भी नदी के तट पर पौधारोपण किया था। इसी तरह इस वर्ष भी चंदन नदी के तट पर शिक्षक द्वारा अपने स्कूल के छात्रो द्वारा मिलकर वृक्षारोपण किया गया। चिल्लौद हाईस्कूल के शिक्षक श्री भालाधरे ने छात्रों से आव्हान किया कि वे जिस गांव में भी रहते हो वहां प्रत्येक छात्र एक पेड अवश्य लगाये और उसका संरक्षण करें। पेड़ हम सबको ऑक्सीजन देते है और विभिन्न प्रकार की औषधी भी पेडो से प्राप्त होती है। पेड जीवन को बनाये रखते है और एक मॉ की तरह वे अगली पीढी के लिये पोषण व सुरक्षा और भविष्य भी प्रदान करते है। इस दौरान स्कूली बच्चे व पालकगण उपस्थित रहे।

## शासकीय हाई स्कूल गुदमा में भगत नेताम के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।

भारतीय जनता पार्टी मंडल मलाजखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुदमा में पूर्व विधायक भगत नेताम के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली मलांजखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुदमा में पुर्व विधायक भगत नेताम के नेतृत्व में शासकीय हाईस्कूल गुदमा में सामूहिक रुप से तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई । इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल गुदमा के बच्चों के साथ ग्राम पंचायत गुदमा का भ्रमण करते हुए पुनः वापस तिरंगा यात्रा रैली स्कूल पहुंची तिरंगा यात्रा रैली को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम के द्वारा सभी छात्राओं को समझाइश तथा अपील की गई की यह पर्व को पूर्ण उत्साह के साथ पूरा देश मना रहा है ।जिस पर हम सभी आज तिरंगा यात्रा रैली में शामिल हुए हैं और सभी लोग अपने-अपने घरों में तिरंगा लगा करके देश हित में इस कार्यक्रम को सफल बनाने अपना सहयोग प्रदान करेंगे ।

## भारतीय किसान संघ की हुई बैठक

**कटंगी**। कटंगी में पाथरवाड़ा रोड़ स्थित एक हाल में भारतीय किसान संघ की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया. मंगलवार को दोपहर 03 बजे संभागीय संगठन मंत्री पूरन लाल शर्मा, जिला मंत्री धरम लिल्हारे, नगर अध्यक्ष गिरधारी लाल, जनपद सदस्य पूरन लाल चौधरी, प्रितम खटवानी की प्रमुख उपस्थिति में यह बैठक हुई. बैठक में किसानों की लंबे समय से लंबित समस्याओं सहित स्थानीय समस्याओं और तहसील, ग्रामीण समितियों के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक की शुरुआत में भारत माता, भगवान बलराम और भारतीय किसान संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के छायाचित्र का पूजन किया गया. बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस हो या फिर भाजपा या फिर अन्य कोई दल इन्होंने किसानों के साथ छलावा किया है।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम लौगुर में जनसुनवाई के लिए लगाया गया शिविर

### आईजी, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं अन्य अधिकारी ग्रामीणो की समस्या सुनने लौगुर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा बालाघाट जिले में जनसुनवाई के लिए नवाचार के तहत मंगलवार को किसी ग्राम में जाकर अधिकारियों के साथ ग्रामीणो की समस्याओ को सुना जा रहा है और उनका निराकरण कराया जा रहा है। 05 अगस्त को बालाघाट विकासखंड के ग्राम हट्टा में शिविर लगाकर जनसुनवाई की गई थी। इसी कड़ी में 12 अगस्त को परसवाड़ा विकासखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम लौगुर में शिविर लगाकर ग्रामीणो की समस्याओ को सुना गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रे, ग्राम पंचायत की सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

लौगूर में जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणो ने आमानाला जलाशय की नहरों की मरम्मत कराने की मांग की। ग्रामीणो का कहना था कि नहर का सुधार हो जाने से हुड्डीटोला, रूपझर, छपरवाही, दीनाटोला, खमरिया के किसानो को सिंचाई के लिए सुगमता से पानी मिलने लगेगा। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने मौके पर ही सिंचाई विभाग के अधिकारी को इस



पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में खुरसुड़ पंचायत के ग्राम सल्फारीठ के ग्रामीण शिकायत लेकर आए थे कि उनके गांव तक बिजली के केबल लगाए गए है, लेकिन वे खराब हो गए है। उनके द्वारा बिजली बिल जमा करने के बाद भी गांव में प्रायः बिजली नही रहती है। खुरसुड़ पंचायत के ग्राम गौनाझोला के कुछ किसान सिंचाई सुविधा के लिए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग लेकर आए थे। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने ग्रामीणो को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही बिजली विभाग के अधिकारी को ग्रामीणो की बिजली की समस्या का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

लौगुर के ग्रामीणो ने शिकायत की कि मेन रोड से बैगाटोला के 800 मीटर लंबाई की सीमेंट कांक्रीट रोड बनाए जाने की आवश्यकता है, लेकिन इस पर वन विभाग से अनापत्ति नही मिल रही है। इसी प्रकार मनरेगा के कार्य में भी समस्या आ रही है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने मौके पर ही वन विभाग के अधिकारियो को बुलाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत से इस संबंध में कोई आवेदन प्राप्त नही हुआ है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने वन विभाग के अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत के सरपंच से कहा कि वे आपस में समन्वय कर सीसी रोड एवं मनरेगा के कार्य कराए। वन विभाग द्वारा इसमें कोई आपत्ति नही लगायी जाएगी, लेकिन जो कार्य वन भूमि पर कराए जाने है उनके लिए वन विभाग की सहमति जरूरी होगी। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि विभागीय तौर पर चलने वाले कार्यों में स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करे और पंचायत के कार्यों को कराने में सहयोग करे।

शिविर में वन पट्टाधारक दयालसिंह शिकायत लेकर आए थे कि उनके पिता को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी का लाभ मिल रहा था, लेकिन पिता की मृत्यु के बाद वन विभाग द्वारा पट्टे पर फौती दर्ज नही की गई है, जिसके कारण उसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी नही मिल रही है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने मौके पर ही वन विभाग के अधिकारी को दयालसिंह के पट्टे की फौती दर्ज करने के निर्देश दिए। ग्रामीणो ने लौगुर क्षेत्र में मोबाईल नेटवर्क नही मिलने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने बताया कि इस क्षेत्र में मोबाईल नेटवर्क पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

## वर्षावास के अवसर पर लोरा कोहकाटोला में परित्राण पाठ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।

मलाजखंड क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 11 लोरा कोहकाटोला में पूज्य भंते शीलरखिता द्वारा वर्षावास के शुभ अवसर पर परित्राण पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर सर्व प्रथम तथागत भगवान बुद्ध तथा बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर जी के छायाचित्र पर भंते तथा उपस्थित सभी लोगों द्वारा बारी बारी से माल्यार्पण किया गया। भंते शील रखिता द्वारा परित्राण पाठ का आयोजन कर कार्यक्रम में उपस्थित उपासक उपासिकाओं को भंते द्वारा सत्य के मार्ग पर चलने को कहा इस अवसर पर जीएल यैगारे, पार्वती यैगारे, श्याम यैगारे, दत्तराज यैगारे, वरिष्ठ पत्रकार अशोक यैगारे, चक्रधर यैगारे, कुलदीप यैगारे, विशाल यैगारे, सुधांशु यैगारे, साकेत यैगारे, सत्यम यैगारे, सक्षम यैगारे, सुधा यैगारे, सुनीता यैगारे, अनुरेखा यैगारे, आशा यैगारे, लक्ष्मी यैगारे, श्रृष्टि यैगारे, पलवी यैगारे के अलावा अन्य उपासक उपासिका उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की किश्त का होगा वितरण कल

**बालाघाट**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 अगस्त को मण्डला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की वर्ष 2025-26 की द्वितीय किश्त का सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानो के खाते में हस्तांतरण करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला एवं विकासखंड स्तर पर किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष बालाघाट में आयोजित किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही किसान उपस्थित रहेंगे। द्वितीय किश्त के रूप में इस योजना के पात्र किसानो को 02-02 हजार रुपये की राशि प्राप्त होगी।

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
PARAMEDICAL
BPT | BMLT
BHN | DMLT | DXRT
D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA | MCA
B.SC. | M.SC.
DCA | PGDCA
COMMERCE
•B.Com•M.Com
NURSING
GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111